# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Annual Examination - (2022 – 2023)**

**Class: III** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 2.00Hrs.**

Name: ______________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.***

***General Instructions:***

**सामान्य निर्देश :–**

(1) इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं– 'अ' और 'ब'।
(2) दोनों खण्ड अनिवार्य हैं।
(3) निर्धारित समय–सीमा 2.00 +15 घंटे हैं।

**(खण्ड 'अ')**

**प्र0 1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** **(1X5=5)**

सुभाषचंद बोस का जन्म उड़ीसा के कटक नामक नगर में 23 जनवरी 1897 को हुआ था। बचपन से ही वे अत्यंत तीव्र बुद्धि वाले थे। उनके पिता जानकीनाथ बोस कटक के प्रसिद्ध वकील थे। सुभाष जी ने कोलकाता से बी0ए0 की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। सुभाष के पिता यह चाहते थे कि उनका पुत्र आई0सी0एस0 बनकर सरकारी नौकरी में उच्च पद प्राप्त करें परंतु सुभाष देश की सेवा करना चाहते थे। देश के प्रति उनकी सच्ची लगन और श्रद्धा थी। उन्होंने आज़ाद हिंद फौज़ का गठन किया था। देश के इस सच्चे सपूत की मृत्यु भी रहस्यमयी रही।

**क सुभाषचंद बोस का जन्म किस राज्य में हुआ ?**

अ मध्यप्रदेश ब उड़ीसा
स राजस्थान द छत्तीसगढ़

**ख बचपन से ही वे ——— बुद्धि वाले थे।**

अ मंद ब तीव्र
स मध्यम द कम

**ग उड़ीसा के किस नगर में सुभाषचंद का जन्म हुआ ?**

अ सुंदरगढ़ ब कटक
स राऊरकेला द भुवनेश्वर

**घ सुभाषचंद के पिता का क्या नाम था ?**

अ बद्रीनाथ ब सोमनाथ
स रामनाथ द जानकीनाथ

**ङ सुभाषचंद बोस ने बी0ए0 की परीक्षा कहाँ से पास की ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | कोलकाता | ब | कटक |
| स | उड़ीसा | द | संबलपुर |

**प्र0 2 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** **(1X5=5)**

अगर पेड़ भी चलते होते

कितने मजे हमारे होते

बाँध तने में उसके रस्सी

चाहे हम उसे कहीं भी ले जाते

जहाँ कहीं भी धूप सताती

उसके नीचे झट सुस्ताते

जहाँ कहीं वर्षा होती

उसके नीचे हम छिप जाते

लगती जब भी भूख अचानक

तोड़े मीठे फल झट खा जाते

आती कीचड़ बाढ़ कहीं से

झट उसके ऊपर चढ़ जाते

अगर पेड़ भी चलते तो

कितने मजे हमारे होते

**क– कौन चल फिर नहीं सकता ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | पेड़ | ख | मनुष्य |
| ग | पक्षी | घ | जन्तु |

**ख– कवि पेड़ के किस हिस्से पर रस्सी बाँधना चाहता है ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | जड़ | ब | शाखा |
| ग | तना | घ | पत्ते |

**ग– पेड़ के नीचे हम कब आराम कर सकते हैं ?**

अ वर्षा होने पर   ख धूप सहने के बाद

ग खेलने के बाद   घ आग लगने पर

**घ– जहाँ कहीं ———— होती**

**उसके नीचे हम छिप जाते। रिक्त स्थान में उचित शब्द भरिए।**

अ बच्चे   ख पेड़

ग वर्षा   घ धूप

**ङ– 'धूप' का विलोम शब्द है ?**

अ वर्षा   ब बादल

स छाँव   द गरमीं

**प्र0 3 नीचे दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** **(1X5=5)**

**क) विशेषण का उदाहरण है–**

अ ईमानदार   ब बेटा

स पहाड़   द सेब

**ख) विशेष्य का उदाहरण है–**

अ गरीब   ब अमीर

स लड़की   द बुरा

**ग) जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताते हैं, उन्हें ——— कहते हैं।**

अ संज्ञा   ब सर्वनाम

स विशेषण   द क्रिया

**घ) जिस शब्द से किसी काम का करना या होना पाया जाए, उसे ——— कहते हैं।**

अ क्रिया   ब विशेषण

स सर्वनाम   द संज्ञा

**ङ) क्रिया का उदाहरण है–**

अ गाना   ब पपीता

स शेर   द वह

**प्र0 4 नीचे दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** **(1X5=5)**

**क) 'आँख' का पर्यायवाची शब्द है–**

अ राात्रि ब दोस्त

स नयन द वारि

**ख) 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द नहीं है–**

अ आसमान ब नभ

स गगन द रजनी

**ग) 'हवा' का पर्यायवाची शब्द है–**

अ वायु ब आग

स जल द चीर

**घ) 'लेना' का विलोम शब्द है–**

अ देना ब लिखित

स दिया द लिया

**ङ) 'हार' का विलोम शब्द है–**

अ हारना ब पराजय

स जीत द असत्य

**प्र0 5 नीचे दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** **(1X5=5)**

**क) जो पढ़ा–लिखा न हो–**

अ साक्षर ब निरक्षर

स सज्जन द पढ़ाकू

**ख) शहर में रहने वाला–**

अ ग्रामीण ब देहाती

स शहरी द हलवाई

**ग) लालच करने वाला–**

अ बुद्धिमान ब जलचर

स लालची द कवि

**घ) 'कान भरना' का अर्थ होता है–**

अ बुरी तरह हरा देना  ब साफ़ मना कर देना

स शिकायत करना  द शाबाशी देना

**ङ) 'घोड़े बेचकर सोना' का अर्थ है–**

अ सो जाना  ब निश्चिंत होना

स भाग जाना  द बहुत प्रसन्न होना

**प्र0 6 नीचे दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** **(1X5=5)**

**क) 'आसमान सिर पर उठा लेना' का अर्थ है–**

अ खाने के लिए मन ललचा जाना

ब खुशियाँ मनाना

स बुरी तरह हरा देना

द बहुत शोर करना

**ख) 'इकतालीस' के हिंदी अंक का सही विकल्प है–**

अ ११  ब २१

स ३१  द ४१

**ग) दिन में ——— घंटे होते हैं–**

अ बाईस  ब चौबीस

स छत्तीस  द बीस

**घ) ७० को शब्दों में इस प्रकार लिखेंगे–**

अ चालीस  ब पचास

स साठ  द सत्तर

**ङ) 'पास' का विलोम शब्द होगा–**

अ पीछे  ब दूर

स करीब  द नज़दीक

**प्र0 7 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** **(1X5=5)**

अच्छे पेड़ों की क्या कमीं है! नारियल के पेड़ की ही सोचो। नारियल की जटाओं को काटकर मैं मोटी डोरियाँ बना सकता हूँ और डोरियों से मैं मज़बूत चटाइयाँ भी बना सकता हूँ। रस्सियों और चटाइयों को मैं शहर के बाज़ार में बेच सकता हूँ। मैं नारियल का पानी पी सकता हूँ। मैं नारियल की गरी खा सकता हूँ और कुछ गरी सुखाकर मैं खोपरा भी तैयार कर सकता हूँ, खोपरे को पेरकर मैं गोले का तेल निकाल सकता हूँ। गोले का तेल साबुन और कितनी ही चीज़ें बनाने के काम आता है। नारियल के छिलके को साफ़ करके कटोरे और प्याले बना सकता हूँ। ठीक तो है, मेरे लिए तो यही पेड़ सबसे अच्छा है। मैं तो इसी के नीचे घर बनाऊँगा। इसलिए तीसरे भाई ने नारियल के तले अपनी कुटिया बनाई और मज़े से रहने लगा।

**क) किसकी जटाओं को काटकर डोरी बना सकते हैं ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | बरगद | ब | नारियल |
| स | नीम | द | आम |

**ख) डोरियों से क्या बनता है ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | सूप | ब | पंखा |
| स | चटाइयाँ | द | गिलास |

**ग) तीसरे भाई ने कहाँ पर कुटिया बनाई ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | नारियल के पेड़ के पास | ब | पपीते के पेड़ के पास |
| स | पीपल के पेड़ के पास | द | केले के पेड़ के पास |

**घ) खोपरे को पेरकर गोले का ——— निकाल सकता हूँ।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | साबुन | ब | राख |
| स | टुकड़ा | द | तेल |

**ङ) कौन–से फल से कटोरे और प्याले बना सकते हैं ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | नीम | ब | नारियल |
| स | आम | द | केला |

**प्र0 8 नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनिए–** **(1X5=5)**

कोई नहीं हवा से कहता
खबरदार जो अंदर आई,

बादल से कहता कब कोई
क्यों जलधर यहाँ बरसाई
फिर क्यों हमसे भैया कहते
यहाँ न आओ, भागो जाओ,
अम्मा कहती हैं, घर–भर में
खेल–खिलौने मत फैलाओ।
पापा कहते बाहर खेलो,
खबरदार जो अंदर आए,
हम पर ही सबका बस चलता
जो चाहे वह डाँट बताए।

**क)** **'यहाँ न आओ भागो जाओ' कौन कहता है ?**

अ पापा   ब भैया

स मम्मी   द दीदी

**ख)** **खेल–खिलौने फैलाने के लिए कौन मना करता है ?**

अ अम्मा   ब पापा

स भैया   द दीदी

**ग)** **पापा कहते ——— खेलो, खबरदार जो अंदर आए।**

अ नीचे   ब बाहर

स ऊपर   द अंदर

**घ)** **हम पर किसका बस चलता है ?**

अ पापा   ब मम्मी

स बाबा   द सबका

**ङ)** **बादल क्या बरसाते हैं ?**

अ जलधार   ब आग

स हवा   द तूफ़ान

**(खण्ड 'ब')**

**प्र0 9 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X5=10)**

**क)** सूर्य से हम क्या नहीं कह सकते ?

---

**ख)** जब काबुलीवाले ने लाल मिर्च खाया तो उसे कैसा लगा ?

**ग)** काबुलीवाला क्यों खुश हुआ ?

**घ)** भैया हमसे क्या कहते हैं ?

**ङ)** 'हमसे सब कहते' कविता के कवि का नाम क्या है ? आपने इस कविता से क्या सीखा ?

**प्र0 10 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(2X5=10)**

**क)** बंदर ने क्या फैसला सुनाया ?

**ख)** गांधी जी के विचारों का मीरा बहन पर क्या असर हुआ ?

_______________________________________________

_______________________________________________

ग) पहाड़ी गाँवों में किसका डर बना रहता है ?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

घ) जब नाना को पता चला कि नारियल के खोल में साँप है, तब उसने क्या किया ?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

ङ) बच्चे को देखकर साँप कहाँ छिप गया ?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

**प्र011 रिक्त स्थान भरिए–** **(1X5=5)**

**क)** मेरा फैसला है कि ———— तोड़–तोड़कर तुम्हें बराबर दे दी जाए। (आम/रोटी)

**ख)** खबरदार, फिर कभी ———— के पास मत जाना। (बर्र/साँप)

**ग)** एक दिन सुबह के समय तीनों भाई ———— की तलाश में निकल पड़े। (भोजन/घर)

**घ)** मीरा बहन ने ———— आश्रम की स्थापना की। (साबरमती/गोपाल)

**ङ)** 'मिर्च का मज़ा' कविता के कवि का नाम ———— है। (रामधारी सिंह 'दिनकर'/सुमित्रानंदन पंत)

**प्र012 मिलान कीजिए–** **(1X5=5)**

| | | |
|---|---|---|
| **क)** | आम | चवन्नी |
| **ख)** | लाल मिर्च | अचार |
| **ग)** | साँप | बकरी |
| **घ)** | पिंजड़ा | तराज़ू |
| **ङ)** | बंदरबाँट | झाड़ी |

प्र013 कोई एक शिक्षाप्रद कहानी लिखिए– (5X1=5)

**प्र014 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए–** **(5X1=5)**

तीन दिनों के अवकाश के लिए अपनी कक्षा शिक्षिका को एक आवेदन पत्र लिखिए।

**अथवा**

प्रधानाचार्य को पाँच दिनों के अवकाश हेतु आवेदन पत्र लिखिए।